Traffic on TTO Bridge

569. SHRI CHATURANAN MISHRA: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are aware that there is heavy rush and traffic jam, particularly during office hours on ITO bridge;

(b) whether new bridge over Yamuna river at ISBT has come into operation;

(c) if so, whether buses going and coming from U. P. and other outside States will be diverted on ISBT bridge to reduce traffic on ITO bridge; and

(d) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Yes, Sir.

(b) New bridge over Yamuna river at IBST has partially been made operational for traffic. But heavy vehicles have not yet bee$_n$ permitted to ply on this bridge as the construction work is still going on in some portions of the bridge.

(c) and (d) After completion of the bridge, some of the Inter-state buses will be allowed to ply on this bridge. The buses from U. P. are in any case not allowed to ply on I.T.O. bridge. These have to cross the Yamuna, using the Nizamuddin or Wazirabad Bridge.

जबलपुर, मध्य प्रदेश में टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची

570. **श्रीमती रत्न कुमारी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अप्रैल, 1991 तक जबलपुर, मध्य प्रदेश में टेलीफोन कनेक्शनों के लिये कितने लोगों के नाम प्रतीक्षा सूची में दर्ज थे ; और

(ख) शीघ्रातिशीघ्र टेलीफोन कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिये सरकार क्या योजनायें बना रही है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) अप्रैल, 1991 तक जबलपुर (मध्य प्रदेश) में टेलीफोन कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची में 5852 व्यक्तियों के नाम दर्ज थे।

(ख) 8वीं योजना के अन्त तक वर्तमान प्रतीक्षा सूची का उत्तरोत्तर निपटान करने के लिये एक विस्तार योजना बनाई गई है।

महिला टेलीफोन आपरेटरों को लाने-ले-जाने के लिये वाहनों की व्यवस्था

571. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दूर संचार विभाग के पास महिला टेलीफोन आपरेटरों को लाने-ले-जाने के लिये वाहनों की पूरी व्यवस्था है ;

(ख) क्या इस संबंध में सरकार को अखिल भारतीय टेलीफोन आपरेटर्स एव सुपरवाइजर एसोसियेशन की ओर से कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है ; और

(ग) ज्ञापन की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं और उन पर क्या कार्यवाहीकी गई है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) जी, नहीं।

(ख) जी, हां।

(ग) ज्ञापन का मुख्य मुद्दा एक अनुरोध के बारे में है, जिसमें महिला